Ohio | Department of Medicaid

22 मार्च, 2019

**प्रिय मेडिकेड उपभोक्ता,**

ओहायो मेडिकेड एक मौजूदा कार्यक्रम, जिसे इलेक्ट्रॉनिक विज़िट सत्यापन (EVV) कहा जाता है, में सेवाओं (नीचे संलग्न तालिका को देखें) को जोड़ेगा। हमारे रिकार्ड्स बताते हैं कि आप इनमें से कुछ सेवाओं को प्राप्त कर रहे है। ये सेवाएँ जब शुरू और समाप्त होंगी, तब EVV उन्हें दस्तावेज़ीकृत करेगा। इससे मेडिकेड को आपके प्रदाताओं को उन सेवाओं के लिए भुगतान करने में सहायता मिलेगी, जिन्हें आप प्राप्त करते हैं। आपको इस कार्यक्रम में तब शामिल किया जाएगा, जब आप EVV पात्रता वाली सेवाओं को बिलिंग करने वाले निम्नलिखित भुगतानकर्ताओं के जरिए प्राप्त करते हों: ओहायो का विकासात्मक अशक्तता संबंधी विभाग (DODD), ओहायो डिपार्टमेंट ऑफ एजिंग (ODA) या प्रबंधित देखभाल योजनाएँ।

आपके घर में एक छोटा-सा उपकरण होगा जिसका उपयोग आपका देखभाल प्रदाता चेक इन और चेक आउट करने (आने और जाने के समय) के लिए करता है। यह उपकरण स्मार्ट फ़ोन जैसा दिखता है, लेकिन इसके कैमरों को पूरी तरह अक्षम बना दिया जाता है। माइक्रोफ़ोन केवल उस स्थिति में चालू होता है जब उपकरण किसी सेवा को उपलब्ध कराए जाते समय आवाज़ को सत्यापन के लिए पकड़ता है।

आप जहाँ कहीं भी हों, आपका देखभालकर्ता(ओं) EVV उपकरण का प्रयोग करने में सक्षम होगा। आपका देखभाल सेवा प्रदाता जब सेवा उपलब्ध कराने के लिए आता है, तब वह चेक इन करेगा। वह चेक आउट उस समय करेगा, जब वह आपको दी जाने वाली सेवाओं को पूरा कर चुका होगा। यदि आप सेवाएँ घर के बाहर प्राप्त करते हैं तो आप EVV उपकरण को अपने साथ ले जा सकते हैं।

EVV आपके और आपके देखभाल सेवा प्रदाता(ओं) के लिए निःशुल्क है। प्रदाता 6 मई, 2019 को प्रशिक्षण के समाप्त होते ही EVV का प्रयोग करना शुरू कर सकते हैं। आपका देखभाल सेवा प्रदाता EVV का प्रयोग करने के लिए उत्तरदायी है। आपका प्रदाता उपकरण के लिए अनुरोध करेगा और आप इसे डाक से प्राप्त करेंगे। जब आपके प्रदाता को EVV के लिए उपकरण की आवश्यकता नहीं रह जाएगी, तब आपको उपकरण निःशुल्क लौटाने के लिए डाक से एक लिफाफा मिलेगा। प्रक्रिया को सरल और आसान बनाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया था।

और अधिक जानकारी के लिए, कृपया अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को पढ़ने और EVV के बारे में एक वीडियो देखने के उद्देश्य से http://medicaid.ohio.gov/EVV को विज़िट करें। वहाँ EVV से सम्बंधित अतिरिक्त संसाधन भी मिल सकते हैं।

यदि आपके कोई भी प्रश्न हों, तो कृपया अपने प्रदाताओं से बात करें और, यदि आपका कोई मामला प्रबंधक है तो उससे बात करें। आप 1-800-324-8680 पर मेडिकेड उपभोक्ता हॉटलाइन को भी कॉल कर सकते हैं।

भवदीय,

ओहायो डिपार्टमेंट ऑफ़ मेडिकेड

| | |
|---|---|
| **चरण 1 सेवाएँ** | 8 जनवरी, 2018 को लागू |
| | सेवा-हेतु-शुल्क के वास्ते सेवाओं के लिए EVV प्रोग्राम के बिल सीधे मेडिकेड को भेजे जाते हैं:<br>▪ राज्य योजना गृह स्वास्थ्य परिसहायक<br>▪ राज्य योजना गृह स्वास्थ्य नर्सिंग<br>▪ राज्य की योजना RN (पंजीकृत नर्स) आकलन<br>▪ ओहायो की घर में देखभाल सम्बंधी छूट (OHCW) वाली नर्सिंग<br>▪ OHCW निजी देखभाल करने वाला सहायक<br>▪ OHCW घर में देखभाल करने वाला परिचारक<br>▪ OHCW RN (पंजीकृत नर्स) आकलन<br>▪ निजी ड्यूटी वाली नर्सिंग (PDN) |

<table>
<tr><td rowspan="3">चरण 2 सेवाएँ</td><td colspan="2">सभी प्रदाताओं को 5 अगस्त, 2019 से शुरू होने वाली EVV विज़िट्स में अवश्य प्रविष्ट करना चाहिए</td></tr>
<tr><td colspan="2">निम्नलिखित भुगतानकर्ताओं के लिए EVV कार्यक्रम:<br><br>प्रबंधित देखभाल वाले संगठनों की मेडिकेड को बिलिंग (एटना, यूनाइटेड हेल्थकेयर, मोलिना, सेंटेने, पैरामाउंट, और केयरसोर्स। प्रबंधित देखभाल में EVV कार्यान्वयन निम्नलिखित सेवाओं के लिए लागू होगा:<br><br>▪ राज्य योजना गृह स्वास्थ्य परिसहायक<br>▪ राज्य योजना गृह स्वास्थ्य नर्सिंग<br>▪ राज्य की RN (पंजीकृत नर्स) आकलन योजना<br>▪ HCBS 1915c वेभर नर्सिंग<br>▪ HCBS 1915c वेभर निजी देखभाल परिसहायक<br>▪ HCBS 1915c वेभर निजी देखभाल परिचारक<br>▪ निजी ड्यूटी नर्सिंग (PDN)</td></tr>
<tr><td>ओहायो डिपार्टमेंट ऑफ एजिंग (ODA):<br><br>▪ PASSPORT- घर में देखभाल के लिए परिचारक द्वारा की जाने वाली नर्सिंग<br>▪ PASSPORT- घर में देखभाल के लिए परिचारक द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निजी देखभाल<br>▪ PASSPORT- निजी देखभाल<br>▪ PASSPORT- वेभर नर्सिंग LPN<br>▪ PASSPORT- वेभर नर्सिंग RN<br><br>**स्व-निर्देशित सेवाओं को चरण 2 में शामिल नहीं किया गया है</td><td>ओहायो का विकासमान अशक्तता सम्बंधी विभाग (DODD):<br><br>• व्यक्तिगत विकल्प (IO) वेभर नर्सिंग<br>• IO/स्तर 1 होम मेकर/निजी देखभाल (HPC)<br><u>अपवाद:</u><br><br>• प्रतिभागी-निर्देशित सेवाओं पर लागू नहीं होगा<br>• HPC के ऑन-साइट/ऑन-कॉल घटकों पर लागू नहीं होगा जिनके बिल दैनिक बिलिंग करने वाली इकाइयों (DBU) का उपयोग करके तैयार किए जाते हैं</td></tr>
</table>

Ohio | Department of Medicaid

| | |
|---|---|
| इस पत्र के अनुवादित संस्करण के लिए, कृपया यहाँ विज़िट करें: | |
| Para la versión traducida de esta carta, visite: | 如需本函件的翻译版本，请访问: |
| للحصول على نسخة مترجمة من هذه الرسالة، يرجى زيارة: | Wixii nooca fasiran ee warqadaan, fadlan booqo: |
| С переводом этого письма можно ознакомиться по ссылке: | Pour une version traduite de cette lettre, veuillez cliquer sur: |
| Ili kupata toleo la tafsiri ya barua hii, tafadhali tembelea: | Để xem bản dịch thư này, vui lòng truy cập: |
| Prevedenu verziju ovog pisma potražite na adresi: | Ko larni ɗerewol ndu je lornama, useni ngile: |
| यो पत्रको अनुवाद गरिएको संस्करण निम्ति, कृपया निम्न साइट हेर्नुहोस्: | For a translated version of this letter, please visit the link below: |
| https://www.medicaid.ohio.gov/INITIATIVES/Electronic-Visit-Verification | |